सं. ए-20011/19/2015- हिंदी

सं.ए. 20011/19/2015-हिंदी/Hindi
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

खण्डसं ,9 .के.स.का .परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड ,नईदिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date:- 17/02/2021

परिपत्र/CIRCULAR

विषय: निदेशालय मुख्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन के संबंध में।

सादर सूचित किया जाता है कि समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार (मुख्यालय) में दिनांक 23 फरवरी 2021 को 1430 बजे से 1730 बजे तक ऑनलाइन Google Meet के माध्यम से एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यशाला का संचालन भारत सरकार, श्रम मंत्रालय के हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ यतींद्र कटारिया विद्यालंकार द्वारा किया जाएगा। हिंदी कार्यशाला का विषय है :- **"सरकारी कार्यालयों में हिंदी में कार्य करने की प्रवृति को बढ़ावा देना तथा समस्याओं का निराकरण"।**

2. निदेशालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि इस कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन रूप से भाग लें। इस कार्यशाला में निदेशालय के कार्मिकों के अलावा सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों से एक-एक कर्मचारी द्वारा भाग लिया जाएगा। भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी अपना नाम ई-मेल पते के साथ सूचना और प्रौद्योगिकी अनुभाग/हिंदी अनुभाग में दिनांक 18-02-2021 तक अवश्य भेज दें ताकि कार्यशाला में भाग लेने हेतु उन्हें लिंक भेजा जा सके।

3. साथ ही निदेशालय के सभी अनुभाग अधिकारियों और अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के केन्द्र अधीक्षकों से अनुरोध है कि वे अपने अनुभाग/केन्द्र से इस कार्यशाला में अपने कार्मिकों को नामित करें और उनका नाम, ई-मेल पते के साथ हिंदी अनुभाग में दिनांक 18 फरवरी 2021 तक अवश्य भेज दें।

4. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

17.02.2021
(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

सहायक निदेशक (राजभाषा)
Asstt. Director (OL)
स.नि.पु.बे. (गृह मंत्रालय)
D C P W (MHA)
नई दिल्ली / New Delhi

सेवा में,

1. सभी अनुभाग अधिकारी ।
2. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी गांव, नई दिल्ली ।
3. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली ।
4. सभी अंतर राज्य पुलिस बेततार केन्द्रों के स्टेशन अधीक्षक- विभाग के सरकारी वेबसाइट के माध्यम

5. सहायक निदेशक (सूचना और प्रोद्योगिकी) - कृपया विभाग के वेबसाइट में अपलोड करने और साथ ही 23 फरवरी 2021 को नियत समय पर **'ई'** हिंदी कार्यशाला Google Meet के माध्यम से आयोजन करने हेतु सम्पर्क भेजने और यथा आवश्यक समन्वय करने हेतु।

6. कार्यालय प्रति /नोटिस बोर्ड।

<u>प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ निम्नलिखित को प्रेषित</u>:-

1. निदेशक के प्रधान निजी सचिव : सादर सूचनार्थ ।
2. अपर निदेशक (मुख्यालय) के निजी सचिव/ अपर निदेशक (प्रचालन) के निजी सचिव : सादर सूचनार्थ।